सुकमा में सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 07 माओवादियों को धर दबोचा

जैसा कि सर्व विदित है, कि छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों और फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस की स्थापना के कारण माओवादियों की गतिविधियों में लगातार गिरावट आ रही है। माओवादी ताकतों के फिर से उभरने की संभावना के खात्मे के लिए ये बल क्षेत्रों में बड़ी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं। माओवादियों द्वारा छिपाए गए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों को बरामद करने के उद्देश्य से सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन के अलावा एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन किए जाते हैं।

2. 141 बटालियन सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा दिनांक 01 फरवरी 2023 की देर रात सुकमा, छत्तीसगढ़ में कोंडावई गांव के आसपास संयुक्त एरिया डोमीनेशन अभियान शुरू किया गया। जवानों ने रात भर क्षेत्र में सावधानी से कॉंबिंग की। दिनांक 02 फरवरी 23 के शुरुआती कुछ ही घंटों में जवानों ने 07 माओवादी मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार 07 माओवादी मिलिशिया, निम्मलगुडेम की रिवोल्यूशनरी पीपल्स काउंसिल (आरपीसी) (प्रतिबंधित भाकपा माओवादी पार्टी) के सदस्य थे। जिनकी पहचान इस प्रकार की गई हैः-

1. कल्मू सत्यम, पिछले 3 वर्षों से आरपीसी सदस्य
2. कलमू जोगा, पिछले 3 वर्षों से आरपीसी सदस्य
3. मडवी मंगा, पिछले 3 वर्षों से आरपीसी सदस्य
4. मदकम ऐथा, पिछले 2 वर्षों से आरपीसी सदस्य
5. किकिडी जोगा, पिछले 2 वर्षों से आरपीसी सदस्य
6. वांडो उनगा, पिछले 3 वर्षों से आरपीसी सदस्य
7. कल्मू भीमा, पिछले 1 साल से आरपीसी सदस्य